दिनांक : 10/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :-

- असम और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए कल हुआ ऐतिहासिक मतदान; असम में 85 और पुद्दुचेरी में करीब 90 प्रतिशत वोटिंग।
- प्रदेश में आज से शुरू होगा "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा; महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेशभर में होंगे सम्मेलन और पदयात्राएं।
- राज्य सरकार ने 26 आईएएस अधिकारियों के किए तबादले; प्रियंक मिश्रा होंगे भोपाल के नए कलेक्टर।
- आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित; साढ़े छह हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल।

विधानसभा चुनाव-मतदान

असम, केरलम और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनावों तथा तीन राज्यों में चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उपचुनावों का मतदान कल शान्तिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के अनुसार असम में 85 दशमलव 38 प्रतिशत और पुद्दुचेरी में 89 दशमलव 83 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों राज्यों ने अपने विधानसभा चुनाव इतिहास का सबसे अधिक मतदान दर्ज किया। केरलम में मतदान प्रतिशत 78 दशमलव शून्य तीन प्रतिशत रहा। इस बीच, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में प्रचार तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के हल्दिया, आसनसोल और सूरी में परिवर्तन संकल्प रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां पूरा देश तेजी से प्रगति कर रहा है, वहीं तृणमूल कांग्रेस-सरकार ने बंगाल को पीछे धकेल दिया है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी रैलियों में उमड़ी रही भीड़ बदलाव का संकेत है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर 'मां, माटी, मानुष के नारे को त्यागने का आरोप लगाया।

"नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा

प्रदेश में आज 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। राजधानी भोपाल से इस अभियान का शुभारंभ होगा, वहीं सभी संभाग मुख्यालयों सहित विभिन्न जिलों में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। अभियान के तहत प्रदेशभर में नारी शक्ति पदयात्राएं, युवाओं के लिए विशेष गतिविधियां और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर

सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। राज्य शासन ने इस पूरे पखवाड़े को जन-उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं।

आईएएस तबादले

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं, जिनमें 14 जिलों के कलेक्टर शामिल हैं। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है, जबकि धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को भोपाल का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीणा को वित्त विभाग में अपर सचिव बनाया गया है और मंडला के कलेक्टर सोमेश मिश्रा अब नर्मदापुरम के नए कलेक्टर होंगे।

राष्ट्रीय कृषि मेला-रायसेन

रायसेन में राष्ट्रीय कृषि मेला कल से शुरू होगा। यह तीन दिवसीय मेला 11 से 13 अप्रैल तक दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। मेले में किसानों को आधुनिक और उन्नत खेती के तरीके, नई तकनीक और नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को खेती के बेहतर और लाभकारी मॉडल से जोड़ना है, ताकि वे अपनी आय बढ़ा सकें और खेती को अधिक समृद्ध बना सकें। किसानों से इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की शुरुआत कल से  हो चुकी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि पहले दिन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 45 केंद्रों पर 1616 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की गई।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से सुनिश्चित की गई हैं, जबकि अन्य संभागों में 15 अप्रैल से खरीदी शुरू होगी। इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है और सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ खरीदी का लक्ष्य रखा है। किसानों को 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है, जिसमें समर्थन मूल्य और बोनस दोनों शामिल हैं।

औषधि आपूर्ति

औषधि विभाग के संयुक्त सचिव सत्यप्रकाश टी.एल. ने कहा है कि देश में आवश्यक औषधि सामग्रियों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट पर कल नई दिल्ली में श्री सत्यप्रकाश ने कहा कि सरकार ने औषधि उद्योग को सहायता देने और आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए 40 पेट्रो रसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क समाप्त कर दिया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि पोत 'ग्रीन आशा' एलपीजी लेकर कल नवी मुंबई पहुंच गया है।

आरक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम

पुलिस विभाग में आरक्षक पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिया गया है। 7500 पदों के लिए शुरू हुई इस प्रक्रिया में प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में लिखित परीक्षा के बाद लगभग 57 हजार 990 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया, जिसमें करीब 44 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। सभी चरणों के बाद घोषित परिणाम में कुल 6 हजार 525 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। इनमें से 5 हजार 916 का चयन जिला पुलिस बल और 609 का चयन विशेष सशस्त्र बल के लिए किया गया है।

एलपीजी-खाद्य मंत्री

प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेशभर में अब तक 2840 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 3961 गैस सिलेंडर जब्त किए गए और 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके साथ ही 734 पेट्रोल पंपों की भी जांच की गई है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। सरकार ने अधिकारियों को सतत निगरानी और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

समीक्षा-परिवहन मंत्री

परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कल शाजापुर जिले में परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाए और नियमों का पालन करने वाले चालकों का प्रोत्साहन किया जाए।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कल खेले गए रोमांचक मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने आखिरी गेंद पर 3 विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- धार में आज से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। गेहूं खरीदी के लिए जिले भर में 66 उपार्जन केंद्र बनाए गए।
- शिवपुरी कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा विकासखण्ड कोलारस एवं पिछोर के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

- पन्ना जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मातृ एवं शिशु पोषण, बच्चों के मस्तिष्क विकास और खेल आधारित शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- आगरमालवा जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की शुरूआत ग्राम तनोड़िया स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र, मंडी प्रांगण में तौल-कांटे का पूजन कर की गई।
- सतना में जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन शासकीय वेंकट क्रमांक 2 विद्यालय के परिसर में 13 से 15 अप्रैल तक किया जाएगा।
- झाबुआ जिले में सुरक्षा जवान, ड्रोन पायलट व सुपरवाइजर भर्ती के लिए 15 से 23 अप्रैल तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- इंदौर जिले के 90 उपार्जन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया।
- डिंडोरी जिले के बजाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने निरीक्षण कर ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की।
- खंडवा में प्रधानमंत्री आदि आदर्श गांव योजना के तहत चयनित 221 गांवों में चल रहे विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया।

-------------